प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 सोमवार दिनांक 04.05.2026

मुख्य समाचारः–

- पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में दो सौ से अधिक सीटों पर बढ़त के साथ भाजपा शानदार जीत हासिल करने जा रही है–असम और पुद्दुचेरी में भी भाजपा और एनडीए फिर से सरकार बनाने की ओर–केरल में यूडीएफ और तमिलनाडु में टीवीके बहुमत की ओर अग्रसर।

- मुख्यमंत्री ने आज सुशासन तिहार के तहत विभिन्न जिलों का किया दौरा।

- जगदलपुर विश्वविद्यालय में आज से शुरू हुआ इनोवेशन महाकुंभ–राज्यपाल ने किया शुभारंभ।

- कवर्धा जिले में बीती रात हुए एक सड़क हादसे में चार युवकों की मौत–दो अन्य घायल।

विस चुनाव–परिणाम

पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों के लिए आज सुबह आठ बजे से शुरू हुई मतगणना अभी भी जारी है। हालांकि ताजा रूझानों के अनुसार तस्वीर अब काफी स्पष्ट हो चुकी है। पश्चिम बंगाल, असम और पुद्दुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के स्पष्ट संकेत हैं। वहीं, केरलम में कांग्रेस की नेतृत्व में यूडीएफ बहुमत की ओर आगे बढ़ रही है। जबकि तमिलनाडु में अभिनेता से राजनेता बने विजय की पार्टी टी वी के ने सबसे अधिक सीटें हासिल कर बहुत बड़ा फेरबदल किया है।

पश्चिम बंगाल में कुल दो सौ तिरानवे सीटों में बहुमत के लिए एक सौ सैंतालीस सीटें जीतना जरूरी है। जबकि अभी तक प्राप्त रूझानों और नतीजों के अनुसार भारतीय जनता पार्टी दो सौ से अधिक सीटों पर विजय हासिल करती नजर आ रही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि पश्चिम बंगाल में जनता की ताकत की जीत हुई है। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि ऐसी सरकार बनाई जाएगी, जो पश्चिम बंगाल में समाज के सभी वर्गों को मौका और सम्मान देगी।

प्रधानमंत्री आज शाम नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे।

इस बीच, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पश्चिम बंगाल, असम और पुद्दुचेरी में भाजपा तथा एनडीए को जनादेश मिलने पर खुशी जताई है। अपने संदेश में उन्होंने इसे लोकतंत्र की मजबूती, जनविश्वास और राष्ट्रवाद की भावना का प्रतीक बताया है।

मुख्यमंत्री–सुशासन तिहार

सुशासन तिहार के तहत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज कबीरधाम जिले के लोखान गांव पहुंचे, जहां उन्होंने निर्माणाधीन पंचायत भवन के कार्यों का औचक निरीक्षण किया और महिला श्रमिकों से बातचीत की। महिलाओं ने गांव में पेयजल की समस्या बताई। इस पर जिला कलेक्टर ने मुख्यमंत्री को बताया कि पहाड़ी क्षेत्र के छब्बीस गांवों के लिए एक विशेष पेयजल योजना तैयार की जा रही है, जिसे जल्द ही शुरू किया जाएगा।

आज मुख्यमंत्री ने कबीरधाम जिले के ही विशेष पिछड़ी जनजाति बाहुल्य गांव कमराखोल और खैरागढ़–छुईखदान–गंडई जिले के सरौधी गांव का भी दौरा कर ग्रामीणों से बातचीत की।

इससे पहले, कल मुख्यमंत्री ने बलरामपुर में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को बारिष से पहले सभी खराब सड़कों की मरम्मत पूरी करने के निर्देश दिए। बैठक में सड़क मरम्मत की सही जानकारी नहीं दे पाने पर मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग के एक अधिकारी को फटकार भी लगाई। श्री साय ने जल्द ही मुख्यमंत्री हेल्पलाइन शुरू करने की घोषणा भी की, जहां टोल फ्री नंबर पर लोग अपनी समस्याएं दर्ज करा सकेंगे।

केन्द्र–एलपीजी

मौजूदा भू–राजनीतिक स्थिति के कारण एलपीजी की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। एलपीजी की मांग के दबाव को कम करने के लिए केरोसिन और कोयले जैसे वैकल्पिक ईंधन उपलब्ध कराए गए हैं।

कोयला मंत्रालय ने कोल इंडिया और सिंगरेनी कोलियरीज को निर्देष दिया है कि वे छोटे और मध्यम उपभोक्ताओं को वितरण के लिए राज्यों को अतिरिक्त कोयले की आपूर्ति करें। राज्यों को सलाह दी गई है कि वे घरेलू और व्यावसायिक उपभोक्ताओं के लिए नए पीएनजी कनेक्षन की सुविधा प्रदान करें।

इस बीच, एलपीजी वाहक पोत एमटी सर्वशक्ति भारत के लिए करीब छियालीस हजार मीट्रिक टन तरल पेट्रोलियम गैस के साथ होर्मुज की खाड़ी को सुरक्षित पार कर गया है, इसके तेरह मई, को विषाखापट्टनम पहुंचने की उम्मीद है।

इनोवेषन महाकुंभ

जगदलपुर स्थित शहीद महेंद्र कर्मा विष्वविद्यालय में दो दिवसीय इनोवेषन महाकुंभ आज से शुरू हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यपाल रमेन डेका ने किया। अपने संबोधन में राज्यपाल ने इस कार्यक्रम को बस्तर में

नवाचार, उद्यमिता और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मजबूत शुरुआत बताया। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि स्व–रोजगार की दिशा में आगे बढ़े। राज्यपाल ने बस्तर की महुआ, इमली, तेंदूपत्ता, रेशम जैसे उत्पादों को ब्रांड बनाकर बाजार तक पहुंचाने पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने इनोवेशन एण्ड स्टार्टअप कंपेडियम पुस्तक का विमोचन किया। साथ ही पद्मश्री के लिए चयनित डॉक्टर बुधरी ताती को भी सम्मानित किया।

इस दो दिवसीय इनोवेशन महाकुंभ के शुभारंभ सत्र में आज वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप सहित अनेक जनप्रतिनिधि और विषय–विशेषज्ञ मौजूद थे। इस आयोजन में बस्तर संभाग सहित विभिन्न क्षेत्रों से एक हजार से अधिक प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं।

राज्यपाल–समीक्षा बैठक

राज्यपाल रमेन डेका ने आज अपने जगदलपुर प्रवास के दौरान में बस्तर जिले के विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। राज्यपाल ने कहा कि बस्तर अब शांति और विश्वास का गढ़ बन चुका है, ऐसे में यहां शिक्षा, स्वास्थ्य, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और आजीविका संवर्धन के क्षेत्र में नवाचार आधारित कार्यों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बलरामपुर–रामानुजगंज जिले के दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। बलरामपुर स्थित सर्किट हाउस में आयोजित इस समारोह में विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए उनके भविष्य के लक्ष्यों के बारे में जानकारी ली। श्री साय ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सपना देखना और उसे लक्ष्य में बदलकर निरंतर प्रयास करना ही सफलता की कुंजी है।

वहीं, प्रदेष में दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा की मेरिट लिस्ट में जगह बनाने वाले विद्यार्थियों को आईपीएल मैच दिखाया जाएगा। स्कूल षिक्षा विभाग ने इस संबंध में सभी संभागीय संयुक्त संचालकों और जिला षिक्षा अधिकारियों को निर्देष जारी किए हैं। आदेष के मुताबिक मेरिट में आए विद्यार्थियों को दस मई को नवा रायपुर स्थित शहीद वीरनारायण सिंह इंटरनेषनल क्रिकेट स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस के बीच होने वाला मैच दिखाया जाएगा।

'अग्नि सुरक्षा सप्ताह'

केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय देशभर में आज से अखिल भारतीय 'अग्नि सुरक्षा सप्ताह' मना रहा है। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य केंद्रों में अग्नि खतरों की रोकथाम और निवारण के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

केन्द्र–मधुमेह

केन्द्र सरकार ने बच्चों में मधुमेह बीमारी की रोकथाम और बचाव को लेकर दिषा–निर्देष जारी किए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया है कि बचपन में मधुमेह की जांच, निदान, उपचार और दीर्घकालिक प्रबंधन के लिए मानकीकृत राष्ट्रीय ढांचा उपलब्ध कराया जा रहा है। इस पहल से भारत, उन चुनिंदा देषों में शामिल हो गया है, जिन्होंने बच्चों में मधुमेह की देखभाल को सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली में एकीकृत किया है।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने हाल ही में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के दूसरे चरण के दिषा–निर्देष जारी किए हैं। इसमें गैर–संक्रामक रोगों, मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों और व्यवहार संबंधी चिंताओं सहित आधुनिक स्वास्थ्य चुनौतियों को शामिल किया गया है। इसमें जन्म से लेकर अट्ठारह वर्ष की आयु तक के बच्चों के स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए अधिक व्यापक और जीवनचक्र–आधारित दृष्टिकोण अपनाया गया है।

दुर्घटना

कवर्धा जिले में बीती रात हुए एक सड़क हादसे में चार युवकों की मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार ये युवक कार में सवार होकर रायपुर से पंडरिया एक वैवाहिक समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान पांडातराई नदी में उनकी कार अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना में गंभीर रूप से घायल दो अन्य युवकों को बेहतर इलाज के लिए रायपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

वहीं, जांजगीर–चांपा जिले के नवागढ़ स्थित सेमरा गांव में तेज रफ्तार मोटर सायकल के अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने स्वागत द्वार से टकराने के कारण एक युवक की मौत हो गई।

माओवादी–विस्फोटक बरामद

बस्तर संभाग में माओवादियों द्वारा सभी जिलों में छिपा कर रखी गई विस्फोटक सहित अन्य सामग्रियों को बरामद करने के लिए सर्चिंग अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में दंतेवाड़ा जिले के बारसूर थाना क्षेत्र स्थित तोड़मा गांव से सीआरपीएफ और जिला पुलिस की टीम ने भारी मात्रा में विस्फोटक और प्रतिबंधित वस्तुएं बरामद की हैं। इनमें पचहत्तर नग इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, एसएलआर राउंड, इंसास राउंड, बारह बोर खाली केस और तीन

सौ तीन बंदूक के खाली कारतूस के अलावा अन्य हथियारों और विस्फोटक सामग्री के साथ दैनिक उपयोग की चीज़े शामिल हैं।

## फूड पॉइजनिंग

कोंडागांव जिले के डोंगरीगुड़ा के राऊतपारा में शादी समारोह में खाना खाने के बाद छियालीस लोगों की तबीयत बिगड़ गई। प्रारंभिक जांच में भोजन से संक्रमण के कारण फूड पॉइजनिंग की आषंका जताई गई है। सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सभी मरीजों का उपचार किया गया। वहीं, गंभीर मरीजों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्वास्थ्य विभाग गांव में स्थिति की निगरानी कर रहा है।

<><><><><><>